पीएम की अपत्तिजनक तस्वीर और स्लोगन लगे

नव भारत न्यूज

इंदौर. शहर में शनिवार को प्रधानमंत्री की आपत्तिजनक तस्वीर और स्लोगन दीवारों पर छाप दिए गए. इसका खुलासा सुबह की सैर पर निकले एमआईसी सदस्य के देखने पर हुआ है. उन्होंने तत्काल पुलिस, क्षेत्रीय विधायक और नगर निगम अधिकारियों को इसकी सूचना दी. साथ ही पुलिस से कठोर कार्रवाई की मांग की.

यशवंत क्लब की दीवार

शुक्रवार रात किसी अज्ञात व्यक्ति ने यशवंत क्लब की दीवार पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अदाणी एवं अंबानी के साथ आपत्ति जनक तस्वीर छाप दी. इसके साथ ही दीवार पर ईट द रीच और फ्री द प्रेस के स्लोगन भी छपे पाए गए. यशवंत क्लब की दीवार पर उक्त आपत्तिजनक तस्वीर और स्लोगन छपे होने का मामला सामने तब आया, जब नगर निगम एमआईसी सदस्य नंदकिशोर पहाड़िया ने सुबह की सैर करने के दौरान देखा. पहाड़िया ने तत्काल पुलिस, क्षेत्रीय विधायक और नगर निगम अधिकारियों को उक्त कृत्य की सूचना दी. पहाड़िया ने तुरंत नगर निगम के अधिकारियों से पेंट की डब्बी बुलवाकर आपत्तिजनक तस्वीर और स्लोगन मिटाए. साथ पुलिस से मांग की है कि ऐसे असामाजिक तत्वों पर निगाह रखे और कठोर कार्रवाई करें. पहाड़िया ने आपत्तिजनक तस्वीर हटाने के पूर्व पंडित से पूजापाठ करवा कर छपी तस्वीर पर पेंट पुताई की. फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है और दीवार पर आपत्तिजनक सामग्री लिखने वालों की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं.

ऐसी हरकत स्वीकार नहीं

पार्षद पहाड़िया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश का गौरव हैं और इस तरह की हरकत स्वीकार नहीं की जा सकती. उन्होंने पुलिस से मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की.

राजस्व का तय लक्ष्य पूरा करने के दिए निर्देश

महापौर द्वारा राजस्व एवं मार्केट विभाग की समीक्षा

इंदौर. शनिवार को निगम मुख्यालय पर महापौर ने राजस्व और मार्केट विभाग की समीक्षा बैठक की. बैठक में अधिकारियों को राजस्व का तय लक्ष्य पूरा करने के निर्देश दिए.

महापौर पुष्यमित्र भार्गव एवं राजस्व प्रभारी निरंजन सिंह चौहान ने आज निगम मुख्यालय पर राजस्व विभाग एवं मार्केट विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की. बैठक में महापौर भार्गव ने राजस्व एवं मार्केट विभाग के कार्यों की विभागवार राजस्व वसूली पर चर्चा की. उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप राजस्व वसूली तय की जाए. बकाया राशि की वसूली के लिए प्रभावी एवं समय सीमा तय कार्रवाई की जाए. बैठक में अपर आयुक्त आकाश सिंह, उपायुक्त गरिमा पाटीदार सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे.

पांच सौ करोड़ की 26 हेक्टेयर अवैध कॉलोनी पर प्रशासन द्वारा कार्रवाई

सैंकड़ों अवैध कॉलोनी, लेकिन कार्रवाई कुछ चुनिंदा पर ही

नव भारत न्यूज

इंदौर. शहर के विभिन्न क्षेत्रों में प्रशासन द्वारा पांच सौ करोड़ मूल्य की 26 हेक्टेयर जमीन पर अवैध कॉलोनी के खिलाफ कार्रवाई जारी है. प्रशासन ने शहर के विभिन्न हिस्सों में सौ से ज्यादा अवैध कॉलोनियों के मामले जांच में लिए हैं, जिनमें 21 मामलों पर अवैध कॉलोनी के प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई जारी है.

शहरी सीमा में स्थित काली बिल्लौद, जामनिया खुर्द, असरावद खुर्द सहित कई ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध कॉलोनी काटी जा रही है. हालांकि इनकी संख्या सैकड़ों में है, लेकिन कार्रवाई सिर्फ 21 मामलों पर प्रचलित है. उक्त 21 मामलों में शामिल 26 हेक्टेयर जमीन, जिसकी बाजार में अनुमानित लागत 5 सौ करोड़ रुपए बताई जा रही है. प्रशासन द्वारा उसके 30 से ज्यादा कर्ताधर्ताओं पर प्रकरण दर्ज कर अवैध कॉलोनी निर्माण किया पर रोक लगा दी गई है. बताया जा रहा है कि उक्त जमीन मालिकों ने बिना अनुमति और प्रशासन की विभिन्न मंजूरी लिए बिना ही छोटे-छोटे प्लाट काटकर बेच दिए. जमीन पर विकास किया जा रहा है, जिसको प्रशासन ने रोक दिया है. उक्त कार्रवाई कॉलोनी सेल प्रभारी अपर कलेक्टर रिंकेश वैश्य के द्वारा की गई है. प्रशासन ने कार्रवाई के लिए जामनिया खुर्द, असरावद खुर्द और काली बिल्लौद को ही टारगेट पर लिया. बाकी शहर के विभिन्न क्षेत्रों में जमकर अवैध कॉलोनियों का निर्माण चल रहा है. कहीं फार्म हाउस तो कही रिसॉर्ट एवं कहीं प्लॉट काटकर बेचे जा रहे है.

संशय पैदा कर रही कार्रवाई

प्रशासन द्वारा चुनिंदा लोगों पर कार्रवाई करना संशय पैदा कर रहा है. वैसे कलेक्टर कार्यालय के हल्कों में चर्चा आम है कि रिंकेश वैश्य सुपर कलेक्टर बन गए हैं. कई निर्णय वे कलेक्टर से बिना पूछे ही ले लेते है. चर्चा तो यह भी है कि वे हाईकोर्ट के एक आदेश को आधार बनाकर शहर में मास्टर प्लान के 79 गांवों में धारा 16 के तहत धड़ले से कॉलोनियों की अनुमति भी दे रहे है.

स्वच्छता प्रबंधन मॉडल का अध्ययन करने देशभर से आए अधिकारी

नव भारत न्यूज

इंदौर. शहर में एसोसिएशन ऑफ म्युनिसिपैलिटीज एंड डेवलपमेंट अथॉरिटीज का एक दल तीन दिवसीय दौरे पर इंदौर आया था. एएमडीए दिल्ली के अध्यक्ष के साथ विभिन्न शहरों के अधिकारी इंदौर के कचरा प्रबंधन मॉडल का अध्ययन करने आए थे. अधिकारियों के उक्त अध्ययन दौरे का उद्देश्य देश के विभिन्न राज्यों के नगरीय निकायों को इंदौर के उत्कृष्ट ठोस अपशिष्ट प्रबंधन एवं प्रभावी शहरी प्रशासन मॉडल से अवगत कराना था.

एएमडीए नई दिल्ली द्वारा 30 जुलाई से 1 अगस्त 2026 तक इंदौर में तीन दिवसीय अध्ययन दौरे का आयोजन किया गया था. राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र योजना बोर्ड सदस्य सचिव एवं एएमडीए अध्यक्ष गुलजार नटराजन के मार्गदर्शन में तीन दिवसीय दौरे का आज समापन हुआ. अध्ययन दौरे में दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, गुजरात, महाराष्ट्र, केरल, कर्नाटक, उत्तर प्रदेश तथा अरुणाचल प्रदेश के 26 वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया. इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने नगर निगम की विभिन्न स्वच्छता एवं नवाचार योजनाओं का निरीक्षण किया. अधिकारियों ने राजशाही गार्बेज ट्रांसफर स्टेशन, जीरो वेस्ट इंदौर जू, केसरबाग आरआरआर सेंटर, गोवर्धन प्लांट, मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी, बायो रेमेडिएशन साइट, स्लज हाइजीनाइजेशन प्लांट, वर्षा जल संचयन, डिजिटल गवर्नेंस सिस्टम तथा नागरिक सहभागिता जैसे सफल मॉडलों का अवलोकन कर कार्य प्रणाली को समझा. कार्यक्रम के दौरान अपर आयुक्त प्रखर सिंह तथा स्मार्ट सिटी सीईओ अर्थ जैन ने प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए इंदौर की स्वच्छता यात्रा, रणनीतिक योजना, नवाचार प्रबंधन तथा प्रशासनिक व्यवस्थाओं की जानकारी दी. साथ ही नगर निगम की पैनलबद्ध संस्थाओं बेसिक म्युनिसिपल वेस्ट वेंचर्स एवं फीडबैक फाउंडेशन के विशेषज्ञों ने तकनीकी पहलुओं का प्रेजेंटेशन दिया.

दौरे ज्ञान के आदान-प्रदान का माध्यम

एएमडीए के निदेशक-सह-सचिव कल्याण सहाय मीणा ने कहा कि इस प्रकार के अध्ययन दौरे विभिन्न शहरों के बीच ज्ञान एवं अनुभवों का आदान-प्रदान का सशक्त माध्यम हैं. इससे सफल मॉडलों को अन्य शहरों में अपनाने में सहायता मिलती है.

एक नजर में

साहित्यकार हरे राम बाजपेई को अंतर्राष्ट्रीय प्रेमचंद सम्मान



इंदौर. भारतीय नार्वेजियन सूचना एवं सांस्कृतिक फोरम नार्वे की संस्था ने हिंदी भाषा साहित्य भारतीय संस्कृति और कला के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्यों के लिए प्रेमचंद अंतर्राष्ट्रीय सम्मान 2026 की घोषणा 30 जुलाई को संस्था अध्यक्ष सुरेश चंद्र शुक्ला द्वारा ओस्लो में की गई. एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया कि भारत के करीब आठ शिक्षा विद और साहित्यकारों को सम्मान दिया जा रहा है इसमें हिंदी परिवार इंदौर के अध्यक्ष एवं संप्रति प्रचार मंत्री मध्य भारत हिंदी साहित्य समिति इंदौर के हरे राम बाजपेई को भी प्रदान किया जाएगा. यह सम्मान 2 अगस्त को वहां आयोजित कार्यक्रम में दिए जाएंगे. यह जानकारी हिंदी परिवार के सचिव संतोष मोहती ने दी.

बाल गंगाधर तिलक की पुण्यतिथि पर भावांजलि अर्पित

इंदौर. देवी अहिल्या माता प्रांगण राजवाड़ा में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं उत्तराधिकारी संयुक्त संगठन (रजि) संस्था द्वारा लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक के चित्र पर माल्यार्पण किया गया. लोकमान्य तिलक के जीवन पर प्रकाश डाला संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अजय नारायण सीतलानी ने. कार्यक्रम में मुख्य रूप से दिलीप राजपाल पूर्व मंत्री प्रकाश व्यास, नरेंद्र मिश्रीलाल गंगवाल, अजीत सज्जन सिंह विशनार, कविता त्रिवेदी, संजय खादीवाला, सुधा भंडारी, पुष्पा जोशी, उमाशंकर रायकवार, जानकी लाल पटेरिया, दिनेश दुबे, राकेश शास्त्री और कई स्वतंत्रता सेनानी वंशजों ने अपने विचार रखें. संचालन विकास जोशी ने किया. आभार मनोहर सिंह तोमर ने माना

इन्फिस्टार रिन्यूएबल्स और फिनलैंड की आर्सीप्लग की भागीदारी

इंदौर. इन्फिस्टार रिन्यूएबल्स प्राइवेट लिमिटेड ने फिनलैंड की कंपनी आर्सीप्लग ओय के साथ एक विशेष जॉइंट वेंचर किया है. इस भागीदारी के तहत भारत के पहले मेक इन इंडिया卐 मॉड्यूलर प्लग फ्लो कंप्रेस्ड बायोगैस प्लांट बनाए जाएंगे. इस पहल को देश में क्लीन एनर्जी को बढ़ावा देने और आधुनिक बायोगैस तकनीक उपलब्ध कराने की दिशा में एक बड़ा कदम मानी जा रही है. दोनों कंपनियों ने साझेदारी में आर्सीस्टार बायोएनर्जी प्राइवेट लिमिटेड नामक नई कंपनी रची है. जोइन्ट वेन्चर पर प्रतिक्रिया देते हुए इन्फिस्टार ग्रुप के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक सुहृद वी. साराभाई ने कहा कि भारत को स्वच्छ, आत्मनिर्भर और किफायती एनर्जी सोल्यूशन्स की जरूरत है। आर्सीप्लग के साथ यह भागीदारी ऊर्जा सुरक्षा, जलवायु परिवर्तन, कचरा प्रबंधन और ग्रामीण विकास जैसी कई राष्ट्रीय जरूरतों को पूरा करने में मदद करेगी. आर्सीप्लग ओय के वाइस प्रेसिडेंट जारी वाल्टानेन ने भारत जैव-ऊर्जा के क्षेत्र में दुनिया के सबसे तेजी से बढते बाजारों में से एक है. यह टेक्नोलोजी भारत में भी उद्योगों, नगर निकायों और किसानों को जैविक कचरे से अधिक अच्छे तरीके से क्लीन एनर्जी बनाने में मदद करेगी और देश के पर्यावरणीय लक्ष्यों को पूरा करने में बड़ी भूमिका निभाएगी।

शिवानी शाह को आईएफआईपी नेशनल इन्क्लूजन अवॉर्ड

इंदौर. आर्किटेक्ट, सामाजिक उद्यमी और सेंसरी ऑल की संस्थापक शिवानी शाह को नई दिल्ली के यशोभूमि में आयोजित वर्ल्ड इन्क्लूजन कॉन्फ्रेंस इंडिया 2026 में आईएफआईपी नेशनल इन्क्लूजन अवॉर्ड 2026 से सम्मानित किया गया. यह सम्मान शिवानी शाह को ऑटिज्म, एडीएचडी, बौद्धिक दिव्यांगता और अन्य न्यूरोडेवलपमेंटल चुनौतियों से जुड़े लोगों के लिए समावेशी माहौल तैयार करने और उनकी जरूरतों के अनुरूप नए समाधान विकसित करने की दिशा में किए जा रहे उनके उल्लेखनीय कार्यों के लिए दिया गया. वर्ल्ड इन्क्लूजन कॉन्फ्रेंस का आयोजन इंटरनेशनल फोरम ऑफ इन्क्लूजन प्रैक्टिशनर्स (आईएफआईपी) ने अफेयर्स एग्ज़ीबिशन्स एंड मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से किया. सम्मेलन में शिक्षाविदों, नीति-निर्माताओं, दिव्यांगता अधिकार विशेषज्ञों और समावेशन के क्षेत्र से जुड़े भारत और विदेश के कई विशेषज्ञों ने भाग लिया। इस अवसर पर भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति डी.वाई. चंद्रचूड़, केंद्रीय राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव, सांसद डॉ. हर्षवर्धन श्रृंगला, आईएएस अधिकारी इरा सिंघल सहित कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे.

नशामुक्त युवा फॉर विकसित भारत संकल्प अभियान कल

प्रधानमंत्री मोदी करेंगे युवाओं से वर्चुअल संवाद

नवभारत न्यूज़

इंदौर. मेरा युवा भारत युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में 2 अगस्त को खंडवा रोड स्थित चमेली देवी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत संकल्प अभियान के तहत विशेष कार्यक्रम आयोजित होगा. इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देशभर के युवाओं से वर्चुअल संवाद कर नशामुक्त भारत के निर्माण का संकल्प दिलाएंगे.

मेरा युवा भारत, इंदौर के उपनिदेशक पंकज गोस्वामी ने बताया कि देशभर के लगभग 10 हजार स्थानों पर आयोजित इस अभियान से एक करोड़ से अधिक युवाओं को जोड़ने का लक्ष्य है. इंदौर के कार्यक्रम में के स्वयंसेवक, राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र-छात्राएं, विभिन्न विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के विद्यार्थी, युवा क्लबों के सदस्य तथा सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि शामिल होंगे. कार्यक्रम में सभी प्रतिभागी नशा मुक्ति की शपथ लेंगे और स्वस्थ, जिम्मेदार व नशामुक्त जीवनशैली अपनाने का संकल्प करेंगे. अभियान के तहत आगामी 100 सप्ताह तक प्रत्येक रविवार को खेल, फिटनेस, सांस्कृतिक, जनजागरूकता, ध्यान एवं सामुदायिक सहभागिता आधारित गतिविधियां आयोजित की जाएंगी. साथ ही युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक कर समाज को नशामुक्त बनाने में उनकी सक्रिय भागीदारी का संदेश दिया जाएगा. पोर्टल पर संचालित ई-प्रतिज्ञा अभियान के माध्यम से भी युवा एवं नागरिक नशामुक्त भारत के संकल्प से जुड़ रहे हैं.

राष्ट्रीय रसायन विज्ञान दिवस पर वैज्ञानिक चेतना का संदेश

विशेष व्याख्यान व विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित

नवभारत न्यूज़

इंदौर. शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, किलाभवन में शनिवार को भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ एवं रसायन शास्त्र विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आचार्य प्रफुल्ल चंद्र राय जयंती एवं राष्ट्रीय रसायन विज्ञान दिवस के अवसर पर विशेष व्याख्यान तथा विज्ञान मॉडल एवं प्रोजेक्ट्स प्रदर्शनी का आयोजन किया गया.

मुख्य वक्ता डॉ. ऋषिना नातू ने कहा कि आचार्य प्रफुल्ल चंद्र राय ने भारतीय वैज्ञानिक विरासत को आधुनिक रसायन विज्ञान और स्वदेशी उद्योगों से जोड़कर आत्मनिर्भर भारत की अवधारणा को मजबूत आधार दिया. उन्होंने बताया कि आचार्य राय की कृति हिस्ट्री ऑफ हिंदू केमिस्ट्री भारतीय रसायन विज्ञान की प्राचीन परंपरा का महत्वपूर्ण दस्तावेज है. उन्होंने विज्ञान को समाज और राष्ट्र निर्माण का माध्यम बताते हुए छात्राओं से अनुसंधान एवं नवाचार की दिशा में आगे बढ़ने का आह्वान किया. प्राचार्य डॉ. बी. डी. श्रीवास्तव ने कहा कि आचार्य राय ने अपने शोध एवं लेखन के माध्यम से भारतीय विज्ञान की गौरवशाली परंपरा को विश्व स्तर पर स्थापित किया. उन्होंने मरक्यूरस नाइट्राइट के सफल संश्लेषण सहित रसायन विज्ञान के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया. प्रशासनिक अधिकारी डॉ. वी. पी. बैरागी तथा भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ की प्रभारी डॉ. सुचित्रा हरमलकर ने भी छात्राओं को विज्ञान, नवाचार और स्वदेशी ज्ञान परंपरा से प्रेरणा लेने का संदेश दिया.

नवाचारपूर्ण मॉडल प्रस्तुत किए

व्याख्यान के बाद आयोजित विज्ञान मॉडल एवं प्रोजेक्ट्स प्रदर्शनी में छात्राओं ने रसायन विज्ञान सहित विभिन्न वैज्ञानिक विषयों पर नवाचारपूर्ण मॉडल एवं परियोजनाएं प्रस्तुत कीं. महाविद्यालय के प्राध्यापकों ने छात्राओं के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें शोध एवं नवाचार के क्षेत्र में निरंतर सक्रिय रहने के लिए प्रेरित किया. कार्यक्रम के आयोजन में रसायन शास्त्र विभाग एवं भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के प्राध्यापकों का विशेष योगदान रहा.

कॉलेज लेवल काउंसलिंग 5 से 7 तक

नवभारत न्यूज़

इंदौर. देवी अहिल्या विश्वविद्यालय (डीएवीवी) ने एमबीए पाठ्यक्रमों में रिक्त सीटों को भरने के लिए कॉलेज लेवल काउंसलिंग का कार्यक्रम घोषित किया है. सीयूईटी (पीजी)-2026 की द्वितीय काउंसलिंग के बाद खाली रह गई सीटों पर प्रवेश के लिए यह काउंसलिंग 5 से 7 अगस्त तक विश्वविद्यालय के विभिन्न शिक्षण विभागों में आयोजित होगी.

विश्वविद्यालय से मिली जानकारी के अनुसार, प्रवेश में सबसे पहले सीयूईटी (पीजी)-2026 के मैपिंग विषय सीओक्यूपी2 की मेरिट को आधार बनाया जाएगा. इसके बाद भी सीटें रिक्त रहने पर अर्हताकारी परीक्षा में प्राप्त अंक या सीजीपीए के आधार पर प्रवेश दिए जाएंगे. जिन अभ्यर्थियों ने अब तक पंजीयन नहीं कराया है, उन्हें एमपी ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से निर्धारित प्रक्रिया पूरी करनी होगी. विश्वविद्यालय ने यह भी स्पष्ट किया है कि केवल पंजीयन कराने से प्रवेश सुनिश्चित नहीं होगा. अंतिम चयन उपलब्ध सीटों और मेरिट के आधार पर किया जाएगा. प्रावधिक प्रवेश मिलने के बाद विद्यार्थियों को प्रथम सेमेस्टर की फीस तत्काल ऑनलाइन जमा करनी होगी.

मूल दस्तावेज व स्वप्रमाणित प्रतियां लाना होंगी

काउंसलिंग में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों को आधार कार्ड, अंकसूची, सीयूईटी स्कोर कार्ड (जहां लागू हो), ट्रांसफर एवं माइग्रेशन सर्टिफिकेट, पासपोर्ट आकार के फोटो तथा आरक्षण एवं निवास संबंधी आवश्यक प्रमाण-पत्रों सहित सभी मूल दस्तावेज और उनकी स्वप्रमाणित प्रतियां साथ लानी होंगी. कार्यक्रम के अनुसार 5 अगस्त को इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज और स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स, 6 अगस्त को आईआईपीएस, स्कूल ऑफ कॉमर्स और एसएटीएचएम तथा 7 अगस्त को एसडीएसएफ, एससीएसआईटी और ईएमआरसी में संबंधित एमबीए पाठ्यक्रमों के लिए काउंसलिंग आयोजित की जाएगी. रिक्त सीटों का विवरण विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है

जुलाई में बढ़ी बिजली की मांग, 34 करोड़ यूनिट से अधिक खपत

इंदौर. शहर में इस वर्ष जुलाई के दौरान बिजली की मांग में पिछले साल की तुलना में बढ़ोतरी दर्ज की गई. मानसून के बावजूद उपभोक्ताओं की बढ़ती जरूरतों के चलते बिजली वितरण और खपत दोनों में वृद्धि देखने को मिली. बिजली कंपनी के आंकड़ों के अनुसार, जुलाई 2026 में शहर की अधिकतम दैनिक बिजली मांग 570 मेगावाट रही, जो पिछले वर्ष जुलाई की तुलना में करीब 20 मेगावाट अधिक है. पूरे महीने के 31 दिनों में शहर में 34 करोड़ यूनिट से अधिक बिजली का वितरण किया गया बिजली अधिकारियों का कहना है कि बढ़ती आबादी, नए कनेक्शन और घरेलू व व्यावसायिक उपभोग में वृद्धि के कारण बिजली की मांग लगातार बढ़ रही है।

आयुर्वेद को परंपरागत गुरु मानकर सामूहिक पूजन

सृष्टि सेवा संकल्प का अनूठा आयोजन

इंदौर. परदेसीपुरा स्थित सफेद मंदिर परिसर में सामाजिक एवं सांस्कृतिक संगठन सृष्टि सेवा संकल्प द्वारा श्रद्धा और आस्था के साथ गुरु पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया.

कार्यक्रम का नेतृत्व संगठन के नगर अध्यक्ष विनय तिवारी ने किया. इस अवसर पर संगठन के राष्ट्रीय महामंत्री रितेश तिवारी सहित प्रदेश एवं नगर के अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे. सभी ने भारतीय संस्कृति और सनातन परंपरा के प्रतीक आयुर्वेद को अपना परंपरागत गुरु मानते हुए विधि-विधान से गुरु पूजन किया तथा स्वस्थ, संस्कारित और जागरूक समाज के निर्माण का संकल्प लिया. कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि आयुर्वेद केवल चिकित्सा पद्धति ही नहीं, बल्कि भारत की प्राचीन ज्ञान परंपरा और जीवन जीने की वैज्ञानिक पद्धति है. गुरु पूजन के माध्यम से संगठन ने समाज को अपनी संस्कृति, परंपराओं और भारतीय ज्ञान-विज्ञान से जुड़ने का संदेश दिया.

एक नजर में | घनिष्ठा नक्षत्र में बेस्ट बडीज़ की महिलाओं ने रोपे पौधे

पौधारोपण कर लिया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प

इंदौर. माहेश्वरी समाज के कपल किटी ग्रुप बेस्ट बड़ीज की महिला सदस्यों ने सामाजिक सहभागिता और पर्यावरण संरक्षण का प्रेरक उदाहरण प्रस्तुत करते हुए नेमावर रोड स्थित हरित क्षेत्र में पौधारोपण किया. भारतीय ज्योतिष परंपरा में घनिष्ठा नक्षत्र को खेती, बुआई एवं वृक्षारोपण के लिए अत्यंत शुभ और फलदायी माना जाता है. इसी शुभ अवसर पर सभी सदस्यों ने पौधे रोपकर उनके संरक्षण का संकल्प लिया.

इससे पूर्व समूह की सदस्यों ने प्राकृतिक वातावरण के बीच आयोजित टिफिन पॉट पार्टी में सहभागिता की. कार्यक्रम के दौरान तंबोला एवं अन्य मनोरंजक गतिविधियों का आनंद लेते हुए आपसी सौहार्द और आत्मीयता को भी मजबूत किया गया. इस अवसर पर संगीता कचोलिया, बबीता न्याति, सुनीता जाखेटिया, हेमा काबरा, सोनल माहेश्वरी, वंदना न्याति, अर्चना भलिका, अंजना माहेश्वरी, मधु लद्दड़, वंदना हुर्कट, प्रीति पड़तानी, अनीता लाहोटी, विभा राठी सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहीं. सदस्यों ने कहा कि वृक्षारोपण केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ पर्यावरण और हरित भविष्य सुनिश्चित करने की सामूहिक जिम्मेदारी है. सभी ने प्रत्येक लगाए गए पौधे की नियमित देखभाल का भी संकल्प लिया. कार्यक्रम संयोजक मुकेश संगीता कचोलिया एवं दीपक सोनल माहेश्वरी थे.